	कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर **(जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)**	

हेरिटेज निगम का अवैध निर्माण के खिलाफ कड़ा एक्शन

सरकारी जमीन पर बना रखा था गार्डन और पार्किंग, निगम ने किए ध्वस्त

नगर निगम हेरिटेज ने शहर में हो रहे अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को बड़ा एक्शन लिया है। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर किशनपोल जोन और सतर्कता शाखा ने कार्रवाई करते हुए पोलो विक्ट्री स्थित तिवारी होटल, राजमहल होटल, क्लिक होटल के सामने किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया है। इस कार्रवाई के संबंध में किशनपोल जोन उपायुक्त पूजा मीणा ने बताया कि मोतीलाल अटल रोड पर पोलोविक्ट्री के सामने तिवारी होटल, राजमहल होटल, क्लिक होटल है। इन तीनों होटल के बाहर लगभग 1000 वर्गगज सरकारी जमीन और आम रास्ते पर पेड़ –पौधे, टाईल का फर्श और लोहे की जाली लगाकर कब्जा / अतिक्रमण कर रखा था। इस सरकारी जमीन को अतिक्रमियों ने निजी पार्किंग / व्यवसायिक उपयोग में ले रखा था। इस पर जोन कार्यालय की ओर से अतिक्रमियों को सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया गया था। लेकिन अतिक्रमियों ने उक्त सरकारी जमीन से अतिक्रमण नहीं हटाए। इस पर बुधवार को सतर्कता शाखा के दस्ते ने किशनपोल जोन के साथ सरकारी जमीन पर बने अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटा दिए और सरकारी सम्पत्ति पर हेरिटेज निगम का बोर्ड लगा दिया। इस दौरान किशनपोल जोन उपायुक्त पूजा मीणा सहित जोन कार्यालय के अधिकारी और सतर्कता शाखा के कर्मचारी मौजूद रहे।